# नियम विरुद्ध चल रहीं राइस मिल, उद्योग विभाग मौन

**कौशल्या देवी राइस मिल में चल रही मनमानी**





**सिवनी नवभारत ।** सिवनी जिले में उद्योग विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जिला मुख्यालय में उद्योग विभाग कार्यालय के पास स्थित कौशल्या देवी राइस मिल लंबे समय से बंद है लेकिन इसके बावजूद नियमों को ताक पर रखकर वारदाने का काम किस नियम से संचालित की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि यह सब कुछ विभागीय कार्यालय के पास होते हुए भी कुछ वर्षों से चलता आ रहा है और संबंधित विभाग पूरी तरह मौन बना हुआ है। स्थानीय लोगों एवं आसपास के व्यवसायियों का कहना है कि उक्त राइस मिल के पास वैध लाइसेंस, नवीनीकरण एवं आवश्यक अनुमति नहीं होने के बावजूद मिल में गतिविधियाँ जारी हैं। नियमों के अनुसार बंद पड़ी किसी भी औद्योगिक इकाई को बिना पुनः अनुमति संचालन की इजाजत नहीं दी जा सकती, लेकिन यहां खुलेआम नियमों की अनदेखी हो रही है।

### विभागीय संरक्षण में सब चल रहा है

नियम केवल कागजों तक ही सीमित हैं पिछली घटनाएं और संदर्भ में सिवनी जिले में राइस मिलों और धान उपार्जन से जुड़े मामले पहले भी विवादों में रहे हैं। और शकुंतला देवी राइस मिल प्रकरण इसका बड़ा उदाहरण है, जिसमें आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ द्वारा आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया था कि सरकारी धान/चावल में भारी अनियमितताएँ हुईं और हजारों क्विंटल चावल गायब मिला। इस प्रकरण में प्रदेशभर में कई एफआईआर दर्ज की गई थीं। इसके अलावा सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के तहत कस्टम मिलिंग में भी जिले में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के मामले सामने आ चुके हैं, जिससे विभागीय निगरानी पर पहले से ही सवाल उठते रहे हैं।

### उद्योग विभाग की भूमिका पर सवाल

उद्योग विभाग का दायित्व केवल नए उद्योगों को बढ़ावा देना ही नहीं, बल्कि अवैध और नियम विरुद्ध संचालन पर सख्त कार्रवाई करना भी है। ऐसे में विभागीय कार्यालय के पास स्थित एक बंद घोषित राइस मिल में गतिविधियाँ चलना, विभाग की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो यह मामला बड़े घोटाले का रूप ले सकता है। और विशेषज्ञों की राय में औद्योगिक नियमों के अनुसार यदि कोई राइस मिल लाइसेंस समाप्त होने या बंद घोषित होने के बाद भी संचालित पाई जाती है, तो तत्काल नोटिस दिया जाएगा।

### बंद मिल में कैसे चल रहा है 'वारदाना' का खेल

सूत्रों के अनुसार कौशल्या देवी राइस मिल में वारदाना से जुड़ा कार्य भी पूरी तरह नियम विरुद्ध तरीके से संचालित किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मिल परिसर का उपयोग अनधिकृत भंडारण, बोरियों की आवाजाही और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है, जबकि कागजों में यह इकाई वर्षों से बंद बताई जा रही है। वरदाना से जुड़ा कार्य आमतौर पर खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति और उद्योग विभाग के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के तहत होता है। इसके लिए पंजीयन, स्टॉक रजिस्टर, अनुमति पत्र और निरीक्षण अनिवार्य होता है, लेकिन इस मामले में इन नियमों का पालन होता दिखाई नहीं दे रहा। और इसके अलावा स्थानीय शिकायतें, पर कार्रवाई भी शून्य है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इस संबंध में कई बार मौखिक शिकायतें भी की गईं, लेकिन आज तक न तो कोई निरीक्षण दल पहुंचा और न ही सीलिंग या नोटिस की कार्रवाई की गई। इससे यह सवाल उठना लाजमी है कि कहीं ना कहीं राजनीति संरक्षण इस राइस मिल के ऊपर मेहरबान है और संरक्षण पूरा दिखाई दे रहा है तभी तो बार-बार शिकायत के बाद भी विभाग अभी तक कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है जिससे पूरे क्षेत्र में जन चर्चा का विषय बना हुआ है इसके अलावा क्षेत्रीय लोगों में काफी आक्रोश भी दिखाई दे रहा है।

सीलिंग की कार्रवाई और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। सिवनी की कौशल्या देवी राइस मिल में नियमों के खिलाफ चल रहा संचालन और वरदाना का कथित अवैध कार्य, उद्योग विभाग की चुप्पी पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस मामले में जांच कर ठोस कार्रवाई करता है या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा। जनता की मांग है कि तत्काल जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि कानून का राज कायम रह सके।

### इनका कहना है



इसकी प्लीज विभाग द्वारा निरस्त की जा चुकी है। लेकिन वर्तमान में उस निरस्त विरुद्ध में अपील में गए हैं। अपील के निर्णय के बाद निश्चित तौर पर जो भी निर्णय होगा कार्रवाई की जाएगी

**आशीष नोयल ,महाप्रबंधक**
**उद्योग विभाग सिवनी**



# मां षष्ठी देवी के जयकारों के साथ कपूर्दा पदयात्रा का आगाज

**कान्हीवाडा से कपूर्दा मां षष्ठी देवी धाम के लिए निकली यात्रा, 13वें वर्ष में प्रवेश**

**कान्हीवाडा नवभारत। कान्हीवाड़ा से कपूर्दा स्थित मां षष्ठी देवी धाम के लिए निकाली जाने वाली वार्षिक पैदल यात्रा का आज प्रथम दिन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ प्रारंभ हुआ। यह यात्रा इस वर्ष अपने 13 वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है, जिसमें हर वर्ष की तरह इस बार भी युवा श्रद्धालु शामिल हुए।**

सुबह विधिवत पूजा-अर्चना के बाद यात्रा का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालु मां षष्ठी देवी के जयकारे लगाते हुए पैदल यात्रा पर रवाना हुए। पूरे मार्ग में भक्ति गीतों और जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

यात्रा में विशेष रूप से युवाओं की भागीदारी देखने को मिली।

स्थानीय ग्रामीणों और समाजसेवियों द्वारा जगह-जगह यात्रियों के लिए पानी, चाय, नाश्ता एवं विश्राम की व्यवस्था की गई। इससे श्रद्धालुओं को यात्रा में काफी सहूलियत मिली।

यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने बताया कि यह परंपरा पिछले 13 वर्षों से लगातार निभाई जा रही है। मां षष्ठी देवी के प्रति गहरी आस्था के चलते हर साल युवा बड़ी संख्या में इस यात्रा में भाग लेते हैं और मां से सुख-समृद्धि व परिवार की खुशहाली की कामना करते हैं। यात्रा कपूर्दा स्थित मां षष्ठी देवी धाम पहुंचकर विधिवत दर्शन-पूजन के साथ संपन्न होगी।

## एक नजर में

### हिन्दू समरसता समागम :कलश वितरण कार्यक्रम आज

**बरघाट ।** 12 जनवरी सोमवार, दोप. 12 बजे आगामी 1 फरवरी को डॉ बाबासाहेब अंबेडकर नये बस स्टैंड प्रांगण में होने जा रहे हिंदू समरसता समागम कार्यक्रम हेतु स्थल पूजन के लिए श्री राम मंदिर से भव्य शोभायात्रा के द्वारा डॉ बाबासाहेब अम्बेडकर नया बस स्टैंड पहुंचेंगे। स्थल पूजन के पश्चात कलश वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। आयोजक सकल हिंदू समाज ने बताया मुख्य कार्यक्रम दिनांक 01 फरवरी दिन रविवार को दोप. 12 बजे, डॉ बाबासाहेब अम्बेडकर नया बस स्टैंड, बरघाट में संपन्न किया जाना हैं जिसमे पूज्य संत द्वारा आशीर्वचन, मातृ शक्ति व सामाजिक वक्ता द्वारा उद्बोधन किया जावेगा। आयोजक सकल हिंदू समाज ने निवेदन किया है कि आप सभी सनातनी हिन्दू वरिष्ठो, माता-बहनों व युवा साथी गण कार्यक्रम को सफल बनाने व अपनी एकता का परिचय देने हेतु अधिक से अधिक संख्या सभी पहुंचे व समस्त हिन्दू समाज को इस कार्यक्रम से जोड़े व आंमत्रित करें।

### विश्व हिन्दी दिवस में शिक्षक शरद शिववेदी हुए सम्मानित



जुन्नारदेव/ छिंदवाड़ा। विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष में श्री सत्यइंदिरा फाउंडेशन जयपुर, राजस्थान के द्वारा शिक्षक शरद कुमार शिववेदी शासकीय हाई स्कूल बरेलीपार,विकास खण्ड जुन्नारदेव, जिला छिंदवाड़ा को विश्व हिंदी दिवस सम्मान से सम्मानित किया गया है ।यह सम्मान फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक एस .स्मृति सारस्वत के द्वारा शिक्षक शिववेदी को हिंदी भाषा के प्रचार- प्रसार साहित्यसृजन ,शिक्षा ,संस्कृति, जन -जागरूकता के साथ साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने व योगदान देने के लिए उन्हें सम्मानित किया गया है साथ ही ,फाउंडेशन की ओर से उन्हें जिला अध्यक्ष छिंदवाड़ा भी नियुक्त किया गया है जिससे कि वह फाउंडेशन के उद्देश्य धर्म ,जाति और समाज के भेदभाव से ऊपर उठकर इंसान व इंसानियत के लिए कार्य कर रहे हैं द्य इस उपलब्धि के लिए शिक्षक शिववेदी ने अपनी सुपुत्री मनुश्री शिववेदी को विशेष श्रेय दिया है। उक्त सम्मान प्राप्त होने पर जिले के सांसद ,क्षेत्रीय विधायक एवं जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ विद्यालय परिवार के शिक्षकों, अभिभावकों, अनुविभागीय अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक , संकुल प्राचार्य ,मित्रों, गुरुजनों ,विभिन्न संगठन के पदाधिकारियों व शुभ चिन्तकों के द्वारा बहुत -बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं ।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम आज उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में

सिवनी। जिले में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। साथ ही स्वामी विवेकानंद के विचारों पर आधारित प्रेरणादायी शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में आयोजित किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 12 जनवरी को प्रात: 9 बजे से 10-30 बजे तक एक साथ सामूहिक सूर्य-नमस्कार कराया जाएगा, जो एक निर्धारित संकेत पर संपन्न होगा। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् एवं मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का रेडियो के माध्यम से प्रसारण भी किया जाएगा।

# बैनगंगा नदी तट पर चल रही शिव पुराण कथा



**छपारा नवभारत।** बैनगंगा नदी तट स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर गोल्डन टेंपल के सामने मैदान में सात जनवरी जारी सार्वजनिक संगीतमय शिव पुराण के चौथे दिन की कथा में कथा व्यास कन्हैया महाराज ने मुख्य रूप से माता पार्वती के जन्म, शिव-सती विवाह और दक्ष यज्ञ के प्रसंगों का वर्णन किया जाता है, जिसमें ब्रह्मा, कामदेव और दक्ष प्रजापति की भूमिकाओं पर प्रकाश डाला जाता है, साथ ही सती के तप और पुनर्जन्म से जुड़ी घटनाओं का विस्तृत विवरण होता है, जो शिव-पार्वती के मिलन का आधार बनती हैं.कथा के अनुसार माता पार्वती का जन्म ब्रह्मा जी के विकार (कामदेव प्रसंग) के बाद, देवी सती के आत्मदाह के बाद, सती के अंश से ही पर्वतराज हिमालय की पुत्री के रूप में माता पार्वती का जन्म होता है, जो शिव से विवाह करने के लिए घोर तपस्या करती हैं. शिव पुराण के चौथे दिन की कथा भक्ति, तप, त्याग और दिव्य मिलन के महत्वपूर्ण पड़ावों को दर्शाती है, जिसमें शिव और शक्ति (पार्वती) के अटूट प्रेम की नींव रखी जाती है।

# लखनादौन में होगा युवा विराट सम्मेलन, 10 हजार से अधिक युवा जुटेंगे

**घंसौर नवभारत।** विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने सेवा संगठन और राष्ट्र निर्माण के सौ वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। संघ इस ऐतिहासिक अवसर को पूरे देश में संघ शताब्दी वर्ष के रूप में मना रहा है। इसी क्रम में 13 जनवरी 2026 मंगलवार को लखनादौन में एक भव्य युवा विराट सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 10 हजार से अधिक युवाओं के सम्मिलित होने की संभावना है। संघ से जुड़े सूत्रों के अनुसार यह सम्मेलन युवाओं को राष्ट्र, समाज और संस्कृति के प्रति उनके दायित्वों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिले सहित आसपास के अंचलों से बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, छात्र, युवा एवं सामाजिक कार्यकर्ता भाग लेंगे। सम्मेलन को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान भारतीय संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, पंचपरिवर्तन विषयक वैदिक प्रदर्शनी तथा संघ के सेवा कार्यों को दर्शाने वाली झांकियाँ आकर्षण का केंद्र रहेंगी। प्रदर्शनी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी भाव और परिवार प्रबोधन जैसे विषयों पर जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, महाकौशल प्रांत के सह प्रांत प्रचारक श्रवण कुमार का विशेष उद्बोधन सुनिश्चित किया गया है। वे देश के लिए युवाओं की भूमिका विषय पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। उनके संबोधन में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी, चरित्र निर्माण, अनुशासन और सेवा भावना जैसे विषयों पर विशेष जोर रहने की संभावना है। संघ पदाधिकारियों के अनुसार, युवा विराट सम्मेलन का उद्देश्य केवल एक कार्यक्रम आयोजित करना नहीं बल्कि युवाओं में राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यबोध और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को जागृत करना है। संघ मानता है कि सशक्त, संस्कारवान और संगठित युवा ही सशक्त भारत की नींव रख सकते हैं।

सम्मेलन की तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं। आयोजन स्थल पर बैठक व्यवस्था, स्वयंसेवकों की टोली, पार्किंग, पेयजल, चिकित्सा एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन के सहयोग से कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और सफल बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। संघ के शताब्दी वर्ष में आयोजित यह सम्मेलन लखनादौन क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है।



# कवेंद्र , दुर्गेश और युवराज सीपीएल-3 के सबसे महंगे खिलाड़ी

**16 जनवरी से शुरू हो रही है प्रतियोगिता, 14 टीमों का होगा रोमांचक मुकाबले क्रिकेट लीग में**

**छपारा नवभारत।** नगर की यंग हीरो क्रिकेट क्लब द्वारा विगत दो वर्षों से आयोजित किए जाने वाली क्रिकेट स्पर्धा सीपीएल का तीसरा सीजन आगामी 16 जनवरी से नगर के सिंचाई कालोनी स्थित खेल मैदान में आयोजित किया जा रहा है आयोजकों समिति के सदस्यों द्वारा जानकारी दी गई कि सीपीएल -3 जिसमें कुल 14 टीम हिस्सा लिया गया है और प्लेयर ओक्शन शनिवार 10 जनवरी को नगर के निज लान में आयोजित किया गया जिसमें नगर सहित क्षेत्रीय ग्रामीण खिलाड़ियों को शामिल किया गया और उक्त ओक्शन में हिस्सा लेने वाली सभी 14 टीमों के लिए 14-14 खिलाड़ी चुने गए जिसमें कवेंद्र ग्राम खापा 8500/- रुपए, दुर्गेश ग्राम ढहारिया 8000/- रुपए और युवराज ग्राम पायली 7500/- सहित अन्य खिलाड़ियों को चयनित हुए।

प्लेयर ओक्शन के अवसर पर नगर निरीक्षक खेमेंद्र कुमार जैतवार, नवनीत सिंह ठाकुर, वरिष्ठ खिलाड़ी गोपू गोस्वामी, शाश्वत सिंह,सुरजीत सिंह ठाकुर, अंकित गोलु ठाकुर, गंगेश बैश,टोनी ठाकुर, जितेन्द्र सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

# अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक चैंपियनशिप में देवेंद्र ठाकुर को सिल्वर एवं गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ



**सिवनी नवभारत।** थाईलैंड ओपन masters एथलेटिक चैंपियनशिप 9 1 2026 से 11.01. 2026 तक आयोजित हो रही है, इस थाईलैंड ओपन चैंपियनशिप एथलेटिक्स मीट में लगभग 10 देश सम्मिलित हुए हैं। इनमें देश में सिंगापुर,भारत, नेपाल ,थाईलैंड, इंडोनेशिया,मलेशिया, ईरान ,वर्मा, जापान,देश के एथलेटिक्स खिलाड़ी शामिल हुए। एथलेटिक्स चैंपियनशिप में समस्त दौड़, कूद एवं फेक प्रतियोगिताएं आयोजित हुई, लगभग 36 एथलेटिक्स इवेंट्स में विभिन्न देशों के खिलाड़ियों ने प्रतिनिधित्व किया।

ज्ञात हो कि भारतीय दल में लगभग विभिन्न राज्यों से 30 एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, यह भारतीय दल भारत से 7 जनवरी को एरोएशिया फ्लाइट से थाईलैंड, बैंकॉक पहुंचे। सिवनी से देवेंद्र ठाकुर व्यायाम निर्देशक , शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी भी भारतीय दल में सम्मिलित हुए। भारत देश की तरफ से मास्टर एथलेटिक्स मीट में सम्मिलित होकर 100 मीटर दौड़, पुरुष वर्ग 50 वर्ष से ऊपर में आठवां स्थान, 200 मीटर दौड़ में चौथा स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार से अतिरिक्त इवेंट्स 100 *4 रिले रेस में , द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया, तथा 400* 4 रिले रेस में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है, विदेश की धरती में सिल्वर मेडल एवं गोल्ड मेडल प्राप्त कर देवेंद्र ठाकुर ने सिवनी जिले मध्य प्रदेश एवं भारत का नाम विदेश की धरती पर खेलकर रोशन किया।

# द्वारकाधीश मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महिला समिति की बैठक आज

**सिवनी।** सीलादेही स्थित शंकराचार्य आश्रम परिसर में आगामी 21 से 28 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाले द्वारकाधीश मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से 12 जनवरी 2026 को महिला समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक दादू मोहल्ला स्थित पंडित आलोक दुबे के निवास पर दोपहर 03 बजे आयोजित हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य इस भव्य धार्मिक आयोजन में मातृशक्ति की सक्रिय, सशक्त और व्यापक भूमिका सुनिश्चित करना है, क्योंकि धार्मिक आयोजनों की भव्यता, अनुशासन और गरिमा महिलाओं की उपस्थिति से ही पूर्ण होती है। पूज्य शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी सरस्वती महाराज के पावन मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले इस महोत्सव की सफलता, सुव्यवस्थित संचालन और सांस्कृतिक गरिमा को सुनिश्चित करने हेतु बैठक में महिला सहभागिता को केंद्र में रखकर विस्तृत कार्ययोजना पर गहन विचार-विमर्श किया जायेगा।

**आयोजन** | विश्व हिंदी सम्मेलन के 51 वीं वर्षगाँठ पर विश्व हिंदी दिवस का हुआ आयोजन

# वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ता जा रहा हिन्दी भाषा का दबदबा



**सिवनी नवभारत।** विश्व हिंदी दिवस की 51 वीं वर्षगांठ पर पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस में वैश्विक परिप्रेक्ष्य और हिंदी विषय पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ, विद्वान वक्ताओं और प्राध्यापको ने अपने विचार रखे तथा वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में हिंदी के महत्व को समझाया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में पुलिस विभाग के निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे ने उपस्थित विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व में सबसे ज्यादा बोली और समझी जाने वाली भाषा हिंदी है. कहा कि हिंदी वैज्ञानिक और भावनात्मक भाषा है, हिंदी हमारे व्यवहार की भाषा है. हिंदी में ज्ञान और विज्ञान का अक्षय भंडार समाया है. उन्होंने विद्यार्थियों से हिंदी के सही उपयोग का आग्रह किया. ठाकरे ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि युवाओं के लिए हिंदी में रोज़गार की असीम संभावनाएं हैं. उल्लेखनीय है कि ओमेश्वर ठाकरे ने भोपाल के दसवें विश्व हिंदी सम्मेलन में हिस्सा ले चुके हैं.

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ सविता मसीह ने हिंदी भाषा के उद्भव और विकास को समझाया. हिंदी के महत्व पर व्यापक रोशनी डाली. डॉ.मसीह ने कहा कि अपने राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति के लिए हमें हिंदी भाषा को अपनाना होगा. हिंदी को जानना- समझना होगा .

कार्यक्रम के विशेष वक्ता प्रोफेसर सत्येन्द्र कुमार शेन्डे ने कहा कि आज, 21 वीं सदी के वैश्विक स्तर पर हिंदी का दबदबा बढ़ता जा रहा है. कहा कि हिंदी हमारा मान- सम्मान, पहचान और अभिमान है। उन्होंने बताया कि फादर कामिल बुल्के जैसे हिंदी सेवक ने हिंदी में राम कथा लिखकर पूरे विश्व में राम कथा का व्यापक प्रचार प्रसार किया. बताया कि फ्रांसीसी व्यक्ति गार्सा द तांसी ने सबसे पहले हिंदी साहित्य का इतिहास लिखा. जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन ने भक्तिकाल को हिंदी साहित्य का स्वर्ण युग कहा. बताया कि पिछले 135 वर्षों से नागरी प्रचारिणी सभा जैसी संस्था हिंदी को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए प्रयासरत है. प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग ने कहा कि कबीर, सूर, तुलसी, मीरा जैसे हिंदी के महान रचनाकारों ने हिंदी का गौरव बढ़ाया है. कवि बिहारी और कबीर की रचनाओं में लिखे पत्रों का उदाहरण देते हुए बताया कि पत्र साहित्य भी हिंदी की अनमोल विरासत है. उन्होंने युवा विद्यार्थियों से आग्रह किया कि मोबाइल के इस दौर में हम सभी को पत्र लिखना चाहिए. कार्यक्रम में डॉ श्यामसिंह राहंगडाले और डॉ. ज्योत्सना नावकर ने भी सारगर्भित विचार रखे. । आयोजन में छात्र मेहुल सिंह बिसेन, छात्रा रक्षा राहंगडाले, धीरज नाग, नरेश डहाके का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में डॉ पवन वासनिक, डॉ मानसिंह बघेल, प्रो रचना राय, डॉ ज्योति कुमरे, डॉ ज्योति गजभिये, प्रो रचना सक्सेना, उमाशंकर वर्मा, छाया राय, डॉ बद्री, डॉ रामकुमार नायक, डॉ मनोज टेंभरे, आयुषी मिश्रा सहित कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा।

### अब तक 12 बार विश्व हिंदी सम्मेलनों का हुआ आयोजन

हिंदी विभाग के प्रो. सत्येन्द्र कुमार शेन्डे ने बताया कि वर्ष 2025 को विश्व हिंदी सम्मेलन के स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में मनाया गया. बताया कि 10 जनवरी 1975 को नागपुर में पहला विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित हुआ था. तब से लेकर आज तक कुल 12 बार विश्व हिंदी सम्मेलनों का आयोजन दुनिया के विभिन्न हिस्सों में किया गया है. सबसे अधिक भारत और मॉरीशस में तीन-तीन बार विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित हुए हैं. लंदन और न्यूयॉर्क में भी विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित हुए. प्रोफेसर शेन्डे ने बताया कि 2015 में भोपाल में आयोजित दसवें विश्व हिंदी सम्मेलन में अब तक सबसे अधिक पचास देशों के 2000 से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल हुए थे.

# अंतर्राज्यीय क्रिकेट महोत्सव का आगाज 14 से




**केवलारी नवभारत।** फ्रेंड्स क्लब केवलारी के तत्वाधान में आयोजित अंतर्राज्यीय si&it ग्रीन टेनिस बॉल टूर्नामेंट का आयोजन, 14 जनवरी से होगा आगाज, विजेता टीम को मिलेगा 111000 हजार रूपये (एक लाख ग्यारह हजार रूपये) का इनाम ट्राफी सहित,दूसरा इनाम 51000 हजार रूपये (इक्यावन हजार रूपये) ट्रॉफी सहित साथ ही चीयर लीडर्स सेलिब्रेट करेंगी। सिवनी जिले के केवलारी में 14 जनवरी से ग्रीन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है।

इस आयोजन में क्रिकेट प्रेमियों को स्टेडियम में आईपीएल की तरह भव्य आतिशबाजी के साथ चीयर्स लीडर की प्रस्तुति भी देखने को मिलेगी,स्व. सत्यप्रकाश एवं स्व. सुमन अग्रवाल की स्मृति में सुनील अग्रवाल के द्वारा प्रथम पुरस्कार एवं द्वितीय पुरस्कार चेमनसिंह बघेल के सौजन्य से दिया जायेगा,

फ्रेंड्स क्लब केवलारी की आयोजन समिति ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि टूर्नामेंट का आयोजन हर साल नए और वृहद रूप में होता रहेगा, इस प्रतियोगिता में प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों के खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि, भव्य आतिशबाजी सहित अन्य व्यवस्थाओं के साथ केवलारी में इसे आईपीएल मैचों की तरह सेलिब्रेट किया जाएगा , यह आयोजन 14 जनवरी से शुरू होकर 20 जनवरी तक चलेगा।

आयोजन समीति ने बताया कि, इस टूर्नामेंट में प्रदेश के अलग-अलग जगह से टीमें भाग लेने आ रही है। बता दें कि फ्रेंड्स क्लब अपनी अंतरराष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन भी विगत कई वर्षों से करा रहा हैं। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस आयोजन का एकमात्र उद्देश्य शहर और प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को सामने लाना है। जिससे केवलारी जिला सिवनी और मध्यप्रदेश का नाम पूरे देश में रोशन हो सके,

इसके साथ ही मेन ऑफ द सीरीज रिदा स्पोर्ट्स करीम स्पोर्ट्स की और से 7100 रूपये एवं ट्राफी,बेस्ट बॉलर, बेस्ट बेट्समैन, बेस्ट फील्डर, बेस्ट विकेट कीपर, बेस्ट दर्शक सहित कई पुरस्कार दिए जाएंगे, प्रतियोगिता में देश भर से कुल 16 टीमों को प्रवेश दिया जाएगा।

एंट्री फीस 7000 हजार रुपए रखी गई है, प्रत्येक मुकाबला 10 ओवरों का होगा जबकि सेमीफाइनल और फाइनल के ओवरों की सीमा समिति द्वारा तय की जायेगी,आयोजन की प्राथमिकता निष्पक्ष खेल भावना है,प्रत्येक मैच को श्याम टीवी लाइव यू ट्यूब चैनल पर दिखाए जाने की व्यवस्था रखी गई है, यह आयोजन सांदीपनी विद्यालय सी एम राइस खेल मैदान केवलारी में आयोजित होगा।